卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 196 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦23 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुले श्री बद्रीनाथ के कपाट

## विधि विधान के साथ पीएम मोदी के नाम से सीएम धामी ने सम्पन्न कराई पूजा,हजारों श्रद्धालुओं ने किये दर्शन



चमोली। भगवान श्री बद्रीनाथ के कपाट गुरुवार प्रातः 6 बजकर 15 मिनट पर विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ग्रीष्मकाल हेतु श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। कपाट खुलते ही पूरा बद्रीनाथ धाम भक्ति और श्रद्धा के भाव से सराबोर हो उठा। इस पावन अवसर पर देश-विदेश से पहुंचे लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान बद्री विशाल एवं अखंड ज्योति के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट उद्घाटन के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा संपन्न कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर तथा आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित अन्य मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना की।मुख्यमंत्री ने धाम पहुंचे तीर्थयात्रियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने हेतु हर स्तर पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है।मुख्यमंत्री ने देश विदेश से आने वाले सभी श्रद्धालुओं से हरित एवं स्वच्छ चारधाम यात्रा में सहयोग करने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।चारधाम यात्रा के शुभारंभ के साथ ही बद्रीनाथ धाम में आस्था, परंपरा और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला, जो श्रद्धालुओं के लिए एक दिव्य और यादगार अनुभव बनेगा। कपाट खुलने के इस ऐतिहासिक अवसर पर माणा एवं बामणी गांव की महिलाओं ने पारंपरिक जागरों के साथ मंदिर प्रांगण ( **शेष पेज सात पर** )




# दर्पण न्यूज से वीडियो डिलीट कराओ, तभी छोड़ा जाएगा बच्चा

## वीडियों डिलीट होने के बाद विदेश में बैठे किडनेपर ने युवक को किया रिहा,विदेश से सही सलामत अपने घर पहुंचा युवक

रुद्रपुर/गदरपुर। गदरपुर से दक्षिण कोरिया के लिए निकले युवक के इथियोपिया में अपहरण और बंधक बनाए जाने का मामला उस समय नया मोड़ ले गया, जब अपहरणकर्ताओं ने युवक की रिहाई के बदले एक अनोखी शर्त रख दी "दर्पण न्यूज से खबर डिलीट कराओ, तभी बच्चा सही सलामत मिलेगा।" दरअसल, इस पूरे घटनाक्रम की गंभीरता को देखते हुए उत्तरांचल दर्पण के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म "दर्पण न्यूज" ने इस खबर को प्रमुखता से उठाया था। खबर में दिखाया गया था कि किस तरह गदरपुर का युवक विदेश भेजने के नाम पर इथियोपिया पहुंचा दिया गया, जहां उसे बंधक बनाकर परिजनों से फिरौती मांगी जा रही थी। परिजनों ने 7 अप्रैल 2026 को रुद्रपुर स्थित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कैंप कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले की आपबीती सुनाई थी, जिसकी विस्तृत कवरेज दर्पण न्यूज द्वारा की गई। यह खबर तेजी से वायरल हुई और उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि देश-विदेश तक पहुंच गई। सूत्रों के अनुसार, दर्पण न्यूज की यह वायरल कवरेज अपहरणकर्ताओं तक भी पहुंच गई। इसके बाद उन्होंने परिजनों से संपर्क कर साफ कहा कि जब तक यह वीडियो और खबर हटाई नहीं जाएगी, तब तक युवक को रिहा नहीं किया जाएगा। इस अप्रत्याशित मांग से परिजन दहशत में आ गए और उन्होंने दर्पण न्यूज के सहयोगियों से संपर्क साधा। उनका कहना था कि यदि खबर नहीं हटाई गई तो युवक की जान को खतरा हो सकता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दर्पण न्यूज प्रबंधन ने अपने सिद्धांतों से ऊपर उठकर मानवता को प्राथमिकता दी और संबंधित वीडियो को अस्थायी रूप से अपने प्लेटफॉर्म से हटा दिया। इसकी स्क्रीन रिकॉर्डिंग भी तैयार कर परिजनों के माध्यम से अपहरणकर्ताओं तक भेजी गई।बताया जा रहा है कि इस कदम के बाद अपहरणकर्ता संतुष्ट हुए और 21 अप्रैल को युवक को रिहा कर दिया। इसके बाद युवक 22 अप्रैल की शाम सकुशल गदरपुर लौट आया, जिससे परिवार और क्षेत्र में राहत की सांस ली गई। ग्राम अब्दुल्लानगर निवासी राजकुमार ने आरोप लगाया है कि उसके भांजे रोहित कुमार को दक्षिण कोरिया भेजने के नाम पर लाखों रुपये ठगे गए। गदरपुर निवासी एक व्यक्ति ने टूरिस्ट वीजा के माध्यम से सुरक्षित विदेश भेजने का भरोसा दिलाया था। 1 अप्रैल 2026 को 5.65 लाख रुपये अग्रिम दिए गए थे, जबकि कुल सौदा 15 लाख रुपये में तय हुआ था। आरोप है कि युवक को बैंकॉक, फिर शारजाह होते हुए इथियोपिया भेज दिया गया, जहां 5 अप्रैल के बाद उसका संपर्क टूट गया। परिजनों को मिली तस्वीरों में युवक के साथ मारपीट के संकेत मिले, जिससे बंधक बनाए जाने की पुष्टि हुई। मामले में कई लोगों के शामिल होने का आरोप लगाया गया है।



एयरपोर्ट से बाहर आता रोहित

### पुलिस की जांच जारी, बड़े गिरोह के होने की आशंका

पीड़ित परिवार पुलिस को तहरीर सौंप चुका है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और पूरे नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है।अपहृत हुये युवक के घर वापिस पहुंचने पर कल गदरपुर पुलिस द्वारा उसके बयान भी दर्ज किये गये है। पुलिस मामले की तह तक पहुंचने के लिये हाथ पैर मार रही हैं और शीघ्र ही पुलिस इस मामले का कर सकती है। यह मामला न सिर्फ मानव तस्करी और ठगी का है, बल्कि यह भी दिखाता है कि कैसे मीडिया की ताकत के आगे बड़े बड़े अपराधी भी घुटना टेक देते है।

# खाई में गिरी कार ,तीन की मौत

रुद्रप्रयाग जिले के भीरी-ककोला मोटर मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। भीरी से औरिंग की ओर जा रहा वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 250 मीटर नीचे गहरी खाई में गिर गया। सूचना मिलते ही कोतवाली ऊखीमठ पुलिस और एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक मनोज नेगी और एसडीआरएफ पोस्ट अगस्तमुनि से उपनिरीक्षक धर्मेंद्र पंवार के नेतृत्व में जवानों ने रात के अंधेरे में खाई में उतरकर संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। कड़ी मशक्कत के बाद दो शवों को बाहर निकाल लिया है, जबकि तीसरे शव को निकालने का प्रयास किया जा रहा( **शेष पेज** 7 **पर** )



### बस से टकराकर बाईक सवार की मौत

कालाढूंगी (उद संवाददाता)। यहां आज प्रातः हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाईक सवार एक युवक की ओवरटेक करने के दौरान बस से हुई टक्कर के बाद मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौजूद लोगों से आवश्यक जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार रावत नगर कालोनी ( **शेष पेज** 7 **पर** )

# आरक्षण को लेकर धरने पर बैठे कांग्रेसी

देहरादून। उत्तराखंड राज्य विधान सभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किए जाने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व विशाल धरना आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेतागण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता ओं ने प्रतिभाग किया। विधानसभा भवन के निकट एक दिवसीय धरने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि सरकार लोगों को गुमराह कर रही है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत का कहना है कि महिला आरक्षण बिल के साथ हम पहले भी खड़े थे और आगे भी मजबूती से खड़े रहेंगे। हमारी चुनौती केंद्र सरकार से यह है कि परिसीमन की गुत्थी सुलझाकर तत्काल लोकसभा में संसद का सत्र बुलाओ और बिल पारित कराओ।हरीश रावत ने कहा कि बृहस्पतिवार को कांग्रेस महिला आरक्षण बिल लागू करने की मांग पर विधानसभा के सामने धरना देगी। हमारी मांग है कि 2027 से विधानसभा, लोकसभा व राज्यसभा की वर्तमान संख्या के आधार पर ही 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया जाए। कांग्रेस सरकार के समय राज्यसभा में 2010 में ही महिला आरक्षण विधेयक पारित कर दिया था और लोकसभा में भी हम तैयार थे। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का शुभारंभ पंचायतों में किया और उसी के परिणाम स्वरूप देश ( **शेष पेज** 7 **पर** )



# तीर्थयात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : धामी





## मुख्यमंत्री धामी ने ग्राउंड जीरो पर उतरकर बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान की गहन समीक्षा की, पूर्ण हो चुके प्रोजेक्ट्स के शीघ्र हस्तांतरण के निर्देश

चमोली। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बद्रीनाथ धाम पहुंचकर ग्राउंड जीरो पर उतरते हुए मास्टर प्लान के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों का व्यापक एवं गहन स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, समयबद्धता तथा व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ विभिन्न स्थलों का भ्रमण करते हुए मौके पर ही आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और कार्यों की वर्तमान स्थिति पर संतोष व्यक्त करने के साथ–साथ उन्हें और अधिक प्रभावी एवं तीव्र गति से आगे बढ़ाने पर जोर दिया।मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि बद्रीनाथ धाम से जुड़े सभी विकास कार्य जिलाधिकारी की प्रत्यक्ष निगरानी में तय समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि आस्था, श्रद्धा और उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा कार्यों की प्रगति की समीक्षा समय–समय पर की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की देरी या बाधा को तुरंत दूर किया जा सके।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बीआरओ बाईपास रोड, लूप रोड, लेक, आईएसबीटी, सिविक एमिनिटी भवन, टीआईसीसी एवं अराइवल प्लाजा जैसे पूर्ण हो चुके महत्वपूर्ण कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने इन परियोजनाओं के शीघ्र हस्तांतरण हेतु अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन सुविधाओं का लाभ तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को जल्द से जल्द मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि हस्तांतरण की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए, ताकि किसी प्रकार की प्रशासनिक देरी न हो।मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों से इन सभी परियोजनाओं के संचालन एवं रखरखाव की ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा, जिससे दीर्घकालिक रूप से इन परिसंपत्तियों की गुणवत्ता और उपयोगिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ धाम में किए जा रहे विकास कार्यों का उद्देश्य केवल आधारभूत ढांचे का निर्माण नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं को एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त तीर्थ अनुभव प्रदान करना है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से यह भी जोर दिया कि सभी कार्यों में पर्यावरणीय संतुलन और स्थानीय पारिस्थितिकी का संरक्षण प्राथमिकता में रखा जाए। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि कार्य करते समय स्वच्छता, हरित मानकों और सतत विकास के सिद्धांतों का पालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बद्रीनाथ धाम की पवित्रता और प्राकृतिक सौंदर्य को अक्षुण्ण रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों और सतत निगरानी से बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान के अंतर्गत संचालित कार्य समय पर पूर्ण होंगे और आने वाले समय में यह धाम देश–विदेश के श्रद्धालुओं के लिए एक आदर्श, भव्य और सुविधासंपन्न तीर्थस्थल के रूप में स्थापित होगा।

# पीएम मोदी ने पिछले दौरों की तस्वीरें शेयर कर व्यक्त की बाबा केदार में अटूट श्रद्धा

देहरादून। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के दिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर बाबा केदार में अपनी गहन आस्था प्रकट की है। प्रधानमंत्री ने बुधवार देर शाम सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बाबा केदार की धरती पर पूर्व में बिताए पलों की भावुक तस्वीरों को जारी किया है।प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पूर्व के केदारनाथ प्रवास की स्मृतियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर तस्वीरों के माध्यम से साझा की हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा इन तस्वीरों को साझा करना उस आध्यात्मिक संबंध की अभिव्यक्ति है, जो भगवान शिव के इस ज्योतिर्लिंग और इस तपोभूमि से जुड़ा हुआ है। केदारनाथ धाम, जहां भक्ति, तप और श्रद्धा का संगम होता है, वहीं से प्रधानमंत्री का यह भावपूर्ण संदेश करोड़ों श्रद्धालुओं के हृदय को स्पर्श कर रहा है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखा जाए तो प्रधानमंत्री का यह संवाद करोड़ों देशवासियों के मार्गदर्शन के साथ ही



चारधाम यात्रा को आत्मिक जागरण यात्रा के रूप में भी स्थापित करता है।बाबा केदार के धाम में गूंजता "हर हर महादेव" का उद्घोष, प्रधानमंत्री की इस श्रद्धाभिव्यक्ति के साथ और अधिक भावपूर्ण हो उठा है, और देशभर के श्रद्धालुओं में भक्ति का उत्साह नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। इससे पूर्व के अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने चारधाम यात्रा को भारत की सांस्कृतिक एकात्मता का आधार बताया था। उन्होंने तीर्थयात्रियों से 'डिजिटल उपवास' रखते हुए आत्मिक शांति का अनुभव करने और पांच संकल्प स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सेवा, 'वोकल फॉर लोकल' तथा अनुशासन का पालन करने का आग्रह किया।


# सरकारी अस्पताल से 4 वर्ष में 100 ऑक्सीजन सिलेंडर गायब

## जीवन रक्षक संसाधनों को लेकर सिस्टम पर उठ रही है उंगलियां

काशीपुर। लक्ष्मण दत्त भट्ट राजकीय चिकित्सालय से बीते 4 वर्षों के भीतर 100 आक्सीजन सिलेंडरों का रहस्य मय तरीके से गायब हो जाना चर्चा का विषय बना है। जीवन रक्षक संसाधनों का गायब हो जाना सिस्टम पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। काशीपुर के एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय में बीते चार वर्षों के भीतर करीब 100 ऑक्सीजन सिलिंडर रहस्यमय तरीके से गायब हो गए, और चौंकाने वाली बात यह है कि अस्पताल प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। अस्पताल के रिकॉर्ड और सूत्रों के अनुसार कोरोना महामारी के दौरान यहां करीब




150 छोटे–बड़े ऑक्सीजन सिलिंडर उपलब्ध थे। संकट की घड़ी में सामाजिक संस्थाओं और दानदाताओं ने भी बड़ी संख्या में सिलिंडर उपलब्ध कराए थे, लेकिन महामारी का असर कम होते ही ये सिलिंडर धीरे–धीरे कम होते गए। आज स्थिति यह है कि अस्पताल में सिर्फ 40 से 50 सिलिंडर ही शेष बताए जा रहे हैं, जबकि बाकी का कोई पुख्ता हिसाब–किताब स्वास्थ्य महकमे के पास नहीं है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतनी बड़ी संख्या में सिलिंडर कम होते रहे और किसी स्तर पर न तो अलर्ट जारी हुआ और न ही जिम्मेदारी तय की गई। अस्पताल में नियमित ऑडिट और स्टॉक मिलान की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अस्पताल सूत्रों का दावा है कि परिसर लंबे समय से सुरक्षा के लिहाज से कमजोर रहा है। नशेड़ियों का जमावड़ा बना रहता है। ऑक्सीजन पाइप लाइन तक काटकर चोरी किए जाने के मामले सामने आए ।इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के ठोस कदम नहीं उठाए गए। राजकीय चिकित्सालय में ओपीडी करने वाले डॉक्टर उपचार के नाम पर रोगियों का खून चूस रहे हैं। इलाज के लिए दूर दराज से आने वाले रोगियों को धड़ल्ले से बाहर की दवाइयां प्रिसक्राइब की जा रही है। इसके अलावा महंगी जांघों के लिए सेटिंग गेटिंग का खेल जारी है। सूत्रों का कहना है कि कीमती दवाइयां तथा उपकरणों का बाजारीकरण किया जा रहा है। राजकीय चिकित्सालय में कुछ डॉक्टर ऐसे भी हैं जो पिछले एक दशक से भी अधिक समय से एक ही स्थान पर जमे भ्रष्टाचार की जड़ों को और मजबूत कर रहे हैं।

# पूर्व छात्रा की अश्लील विडियो बनाने का आरोपी खेल शिक्षक निलंबित, बीईओ पर भी कार्रवाई

खटीमा (उद संवाददाता)। ग्राम चकरपुर स्थित एक इंटर कॉलेज के खेल शिक्षक पर पूर्व छात्रा द्वारा अश्लील वीडियो बनाने और उसे ब्लैकमेल करने का गंभीर आरोप लगाने के बाद मामले की प्रारंभिक जांच करने के बाद जहां आरोपी शिक्षक को विभाग द्वारा निलंबित कर दिया गया है वहीं बीईओ को भी सीईओ कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। । इस घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के ग्रामीणों और परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। बुधवार को बड़ी संख्या में लोगों ने स्कूल पहुंचकर जबरदस्त हंगामा किया और आरोपी शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी भानुप्रताप कुशवाहा मौके पर पहुंचे, लेकिन उन्हें भी आक्रोशित भीड़ का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बीईओ का घेराव करते हुए उन पर आरोपी शिक्षक को संरक्षण देने का आरोप लगाया। लोगों का कहना है कि प्रध ानाचार्य द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद आरोपी शिक्षक के खिलाफ पहले कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस बल भी



स्कूल पहुंच गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी शिक्षक को भीड़ के चंगुल से बचाया और उसे हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। बताया जा रहा है कि आरोपी शिक्षक काफी समय से छात्राओं को वीडियो के जरिए डरा-धमका रहा था। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और डिजिटल सबूत जुटाने की कोशिश में है।इस पूरे प्रकरण में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। आरोपी खेल शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, कार्य में लापरवाही बरतने और आरोपी को संरक्षण देने के आरोपों के चलते खंड शिक्षा अधिकारी को भी रुद्रपुर कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल स्कूल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कठोरतम सजा दी जाए। प्रशासन ने अभिभावकों को आश्वासन दिया है कि छात्राओं की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इधर चौकी प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

# भाजपा सरकार ने महिलाओं के साथ किया छलावा : शिल्पी

गदरपुर । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता और महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव शिल्पी अरोड़ा ने महिला आरक्षण बिल को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2023 में पूर्ण बहुमत से पारित बिल को 16 अप्रैल 2026 को नोटिफाई करना सरकार की मंशा पर सवाल खड़ा करता है और इसे महिलाओं



के साथ छलावा बताया।अरोड़ा ने आरोप लगाया कि जनगणना और परिसीमन का हवाला देकर सरकार इस कानून को जानबूझकर लागू नहीं कर रही है, जबकि मौजूदा 543 सदस्यीय लोकसभा संरचना में भी महिला आरक्षण लागू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि "सदन में महिला आरक्षण नहीं, बल्कि 'मोदी संरक्षण बिल' गिरा है।"कांग्रेस की ओर से उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी महिला आरक्षण के भीतर ओबीसी महिलाओं को उनकी जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने के पक्ष में है, जिसके लिए जातिगत जनगणना जरूरी है। उन्होंने परिसीमन को भाजपा का "छुपा हुआ एजेंडा" बताते हुए आरोप लगाया कि इसके जरिए निर्वाचन क्षेत्रों में बदलाव कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश हो रही है।महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भी अरोड़ा ने सरकार को घेरते हुए कई चर्चित मामलों का जिक्र किया और आरोप लगाया कि कई मामलों में दोषियों को संरक्षण मिला है। अंत में उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को राजनीति का हथियार बनाना बंद करे और महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू करे, ताकि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# भानु प्रताप स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगोत्सव में रचा सफलता का स्वर्णिम इतिहास

रूद्रपुर। शिक्षा के साथ-साथ कला के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम करते हुए भानु प्रताप स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता रंगोत्सव 202526 में अभूतपूर्व सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित मंच पर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और कलात्मक कौशल का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। प्रतियोगिता में कक्षा 9। की होनहार छात्रा पलक चंद्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं कक्षा 5 की प्रतिभाशाली छात्रा अंशिका सैनी को उनके अनूठे और सृजनात्मक प्रदर्शन के लिए एक्सेंट्रिक परफॉर्मर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जो उनकी विशिष्ट कला शैली का प्रतीक है।इसके अतिरिक्त, कक्षा 5 की प्रतिष्ठा दास, कक्षा 3 की हृदया पाठक तथा कक्षा 6 की कृतिका पंत को उनके उत्कृष्ट कलात्मक प्रदर्शन के लिए आर्ट मेस्ट्रो अवॉर्ड प्रदान किया गया। इन



विद्यार्थियों ने रंगों के आकर्षक संयोजन और सृजनात्मक सोच से निर्णायकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कक्षा 7 के वरुण अग्रवाल और आयुष्मान खन्ना, कक्षा 9। की कृषि तिवारी, कक्षा 5 के रुद्र सिंह, कक्षा 3 के हृदय, तथा कक्षा 8। के आदित्य भट्ट को इंटरनेशनल मेडल से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी उनके सराहनीय प्रयासों के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री महेश चंद्रा ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा, "विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके निरंतर अभ्यास, समर्पण और आत्मविश्वास का परिणाम है। यदि वे इसी प्रकार प्रयास करते रहेंगे, तो भविष्य में और भी बड़ी सफलताएँ प्राप्त करेंगे।" उनके प्रेरणादायक शब्दों ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया।इस शानदार सफलता के पीछे कला शिक्षिका श्रीमती नीलम रानी का मार्गदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा, जिनके निर्देशन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को निखारते हुए यह मुकाम हासिल किया।विद्यालय परिवार ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि पूरे विद्यालय के लिए गर्व, प्रेरणा और उत्साह का प्रतीक बन गई है।

# इंग्लिश ट्यूशन सेंटर के शुभारंभ की नरेश हुड़िया ने की सराहना

गदरपुर । ग्राम सभा खेमपुर के सेठ वाला गांव में जॉनी द्वारा अपने निवास पर इंग्लिश ट्यूशन सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री नरेश हुड़िया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेश हुड़िया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जॉनी द्वारा बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बहुत कम फीस में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को इंग्लिश मीडियम



शिक्षा उपलब्ध कराना एक महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए दूर शहर न जाना पड़े और समय व संसाधनों की बचत हो सके। उन्होंने कहा कि इससे छोटे किसानों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को विशेष लाभ मिलेगा।इस अवसर पर आयोजक जॉनी,पूर्व प्रधान दीपक गंडा, एसबीआई मैनेजर विक्रमजीत सिंह, यश ठुकराल, ग्राम प्रधान खेमपुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण,अभिभावक,बच्चे और मातृशक्ति उपस्थित रही।

# इंस्पिरेशन में अतंरसदनीय भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन

हल्द्वानी। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल, काठगोदाम में चारों सदनों प्राय: (लाल, हरा, नीला व पीला) के बीच अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रबन्धक डॉ0 दीपक बल्यूटिया, चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर, उपप्रधानाचार्य श्रीमती ममता तनेजा समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे। यह प्रतियोगिता कक्षा 09 एवं कक्षा 10 के विद्यार्थियों के बीच आयोजित की गई। जिसका शीर्षक ''ड्रीमस डोन्ट वर्क,



अनलेस यू डू'' रखा गया था। प्रत्येक प्रतिभागी को 2 मिनट 30 सेकण्ड तथा 30 सेकण्ड का अतिरिक्त समय दिया गया जिसमें प्रत्येक सदन के 4 प्रतिभागियों ने अपने वक्तव्यों को प्रस्तुत किया। निर्णायक मण्डल की भूमिका श्रीमती प्रेरणा जोशी (पी0 जी0 टी0 अंग्रेजी) व श्रीमती पूजा जोशी (टी0 जी0 टी0 अंग्रेजी) के द्वारा निभाई गई। सभी प्रतिभागियों ने उक्त विषय पर अपने दमदार वक्तव्यों से निर्णायक मण्डल को प्रसन्न किया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नीले सदन द्वारा द्वितीय स्थान लाल सदन द्वारा एवं तृतीय स्थान हरे सदन द्वारा प्राप्त किया गया। विजित प्रतिभागियों में प्रथम स्थान व्योम जोशी, द्वितीय स्थान गुरनूर कौर, अवंतिका उप्रेती, आरव गुप्ता, एवं तृतीय स्थान राशी रावत, रुद्र सक्सेना, कर्त्तव्य जोशी द्वारा प्राप्त किया गया। सभी विजित प्रतिभागियों को प्रबन्धक डॉ0 दीपक बल्यूटिया, चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर एवं उपप्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा के द्वारा आशीर्वचनों से पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सक्षम कोरंगा व गरिमा बिष्ट के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमती शिखा सोलोमन, श्रीमती हेमा पंत एवं टीम का विशेष योगदान रहा।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# कबड़वाल से ज्यादती के विरोध में फूंका पुलिस प्रशासन का पुतला

गदरपुर । हल्द्वानी के मोटा हल्दु में छात्र महासंघ के अध्यक्ष आशीष कबड़वाल के साथ पुलिस द्वारा की गई ज्यादती एवं अभद्र व्यवहार को लेकर छात्र संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन का पुतला फूंककर रोष जताया। बुधवार को गदरपुर महाविद्यालय गदरपुर के छात्र संघ की उपाध्यक्ष पूजा रानी और कोषाध्यक्ष मोहम्मद फहद के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने जीआईसी



गदरपुर के सामने पुलिस प्रशासन का पुतला फूंका । इससे पूर्व एक प्रेस वार्ता के दौरान उनका कहना था कि मोटा हल्दु में एक कंपनी के बाहर वेतन वृद्धि की मांग को लेकर धरने पर बैठे श्रमिकों के हितों की बात करने वाले आशीष कबड़वाल के साथ पुलिस प्रशासन ने अमानवीय व्यवहार किया जो कि बेहद निंदनीय है । इस दौरान छात्र संघ महासंघ की प्रतिनिधि काजल रानी, वंश शर्मा, मोहम्मद फैजान, सूर्यांश, कुर्बान अली, गुलफाम, गौरव, निजाम, एवं मोहसिन आदि मौजूद रहे।

# युवक की बेरहमी से पिटाई, सिर फाड़ा

काशीपुर। एक युवक ने 10 लड़कों पर उसके साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाया है। युवक का सिर फट गया और उसके 5 टांके आये हैं।छीना फार्म, ढकिया गुलाबो, काशीपुर निवासी अंकित चौहान पुत्र हृदयेश चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका एक ऑफिस नेहा गैस एजेन्सी के पास, मौ. आर्य नगर में है, जिस पर वह अक्सर बैठता है। बीते 21 अप्रैल की रात्रि के लगभग 9.00 बजे वह अपना ऑफिस बंद कर रहा था, तभी जतिन पुत्र उमेश कुमार निवासी मौ. किला, फसियों वाली गली, काशीपुर, आयुष व गौतम निवासीगण वाल्मीकि सभा के पास, काशीपुर तथा अन्य सात अन्य लड़के जोकि मोटर साइकिल पर वेवजह गालियां बक रहे थे। अंकित ने बताया कि जब उसने उनसे गालियां देने से मना किया तो वह आग बबूला हो गये और उन्होंने उसकी हत्या करने की नीयत से उसे बेवजह बैल्ट आदि से बुरी तरह मारने पीटने लगे और उसके सिर पर हत्या करने की नीयत से प्रहार किया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया और अपनी जान बचाकर पास में ही एक मेडिकल स्टोर में घुस गया। अंकित ने बताया कि उक्त लोगों ने उसके साथ-साथ मेडिकल स्टोर वालों पर भी हमला कर दिया। फिर उसके बाद वह मेडिकल स्टोर के बाहर भागा तो आस-पास के दुकानदार व जगरूप आदि ने उसे बचाने का प्रयास किया तो इन लोगों ने उन लोगों को भी बुरी तरह से मारा-पीटा तथा उसकी गाड़ी के शीशे व मोबाइल भी चकनाचूर कर दिया। घायल युवक ने हमलावरों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। अंकित चौहान की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जतिन, आयुष, गौतम व अन्य 7 लड़कों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 191(2), 324(4), 351(3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

# केवाईसी के नाम पर महिला से ठगे 8.30 लाख

काशीपुर। केवाईसी कराने के नाम साइबर ठगों ने एक महिला से 8.50 लाख रुपये ठग लिये। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर अज्ञात ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।मानपुर रोड, कचनाल गाजी, काशीपुर निवासी नन्दा उप्रेती पत्नी स्व. महेश चन्द्र उप्रेती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दिनांक 15.04.2026 को उनके फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया, उधर से कोई व्यक्ति बोला कि मैं एक्सिस बैंक से बोल रहा हूँ आप अपने खाते की केवाईसी करवा लो। उन्होंने कहा कि मेरी केवाईसी हो चुकी है। उन्होंने अपने भाई का मो. नं. उसे दिया और कहा कि बात कर लो। नन्दा उप्रेती ने बताया कि कुछ देर बाद उपरोक्त व्यक्ति ने उन्हें एक लिंक भेजा और कहा कि इस पर क्लिक करो और अपना विवरण भर लो। उन्होंने उसके कहे अनुसार लिंक पर क्लिक कर विवरण भर दिया। उसके बाद उन्हें शक हुआ और उन्होंने एक्सिस बैंक के डिप्टी मैनेजर को कॉल किया तो वह बोले कि ओटीपी नहीं बताया तो सब ठीक है। जिसके बाद वह निश्चिन्त हो गईं। नन्दा उप्रेती ने बताया कि उसके बावजूद उनके नंबर पर आने वाली सारी मैसेज उपरोक्त व्यक्ति के नंबर पर जाने लगी और उनके खाते से कई बार में 8,50,000 रुपये कट गये। किन्तु बैंक के डिप्टी मैनेजर ने उनका खाता बन्द नहीं किया। इसके बाद उनके दामाद ने उनका खाता कस्टर केयर द्वारा बन्द करवा दिया। नन्दा उप्रेती ने उक्त साइबर ठग के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# प्रथम गांव माणा बना आत्मनिर्भरता का मॉडल

## सीएम धामी ने लखपति दीदियों से मुलाकात कर उनके कार्यों की सराहना की स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए श्रद्धालुओं से खरीदारी का आह्वान

चमोली /देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को भारत के प्रथम सीमांत गांव माणा पहुंचकर क्षेत्र का भ्रमण किया तथा वहां आए श्रद्धालुओं एवं स्थानीय जनता से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुखद एवं प्लास्टिक मुक्त हरित यात्रा बनाने की अपील करते हुए सभी से पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर माणा गांव की महिलाओं ने पारंपरिक मांगलगीत गाकर एवं स्थानीय उत्पाद भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इस आत्मीय स्वागत के लिए ग्रामीण महिलाओं का आभार व्यक्त किया और उनकी परंपराओं एवं संस्कृति की सराहना की।इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांव की शत-प्रतिशत "लखपति दीदियों" से मुलाकात कर उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे स्थानीय उत्पादों को गुणवत्तापूर्ण बताते हुए कहा कि ये उत्पाद न केवल स्थानीय आजीविका को सशक्त कर रहे हैं, बल्कि उत्तराखंड की पहचान को भी मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की कि वे स्थानीय उत्पादों की खरीद कर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सीमांत गांवों के विकास को नई दिशा मिली है और जो गांव पहले "अंतिम गांव" कहे जाते थे, उन्हें अब "प्रथम गांव" की संज्ञा देकर उनके समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।उन्होंने आगे कहा कि वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत उत्तराखंड के सीमांत गांवों में आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है, जिससे इन क्षेत्रों में रोजगार, पर्यटन और आजीविका के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। माणा गांव सहित अन्य सीमांत क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्य प्रदेश के संतुलित और समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों और केंद्र सरकार के सहयोग से सीमांत गांव विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।ग्राम पंचायत माणा, विकासखण्ड ज्योतिर्मठ, जनपद चमोली, आज स्वयं सहायता समूहों और "लखपति दीदी" पहल के माध्यम से एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर कर सामने आया है। यहां कुल 12 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनसे 82 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। ग्राम में एक ग्राम संगठन "घुंघटी महिला ग्राम संगठन" तथा एक क्लस्टर स्तरीय संगठन "योगबंदी क्लस्टर स्तरीय संगठन" कार्यरत है और विशेष बात यह है कि यहां सभी 82 महिलाएं "लखपति दीदी" के रूप में स्थापित हो चुकी हैं, जिससे माणा उत्तराखंड का प्रथम शत-प्रतिशत लखपति दीदी गांव बन गया है।ग्राम की महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से पारंपरिक एवं गैर-कृषि कार्यों को बढ़ावा देते हुए आजीविका संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे ऊनी वस्त्र, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट उत्पाद, फर्नीचर, टोकरी निर्माण, दाल, कालीन, पापड़, मसाले तथा भोजनालय संचालन जैसे विविध कार्यों में संलग्न हैं और इन उत्पादों का विपणन कर अपनी आय में निरंतर वृद्धि कर रही हैं। इसके अतिरिक्त कृषि, पशुपालन, डेयरी, होमस्टे, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण तथा लघु एवं कुटीर उद्योगों के माध्यम से भी महिलाएं स्वरोजगार के अवसर विकसित कर रही हैं। स्थानीय उत्पादों को सरस मॉल एवं विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने में सहायता मिल रही है और वे "लखपति दीदी" योजना से लाभान्वित हो रही हैं। माणा गांव आज महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सीमांत क्षेत्र के समग्र विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है, जहां सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और स्थानीय महिलाओं के परिश्रम ने विकास की एक नई मिसाल प्रस्तुत की है।



# किच्छा में एम्स बनेगा विकास के मील का पत्थर: भरत चौधरी

किच्छा। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री भरत चौधरी के किच्छा आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के साथ उनका भव्य स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार किच्छा पहुंचे भरत चौधरी का स्वागत कार्यक्रम पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के आवास पर आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री भरत चौधरी ने कहा कि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला किच्छा विधानसभा को अपने परिवार की तरह मानते हैं और उसी भावना से क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में स्वीकृत विकास योजनाएं धरातल पर उतरने के बाद किच्छा के लिए मील का पत्थर साबित होंगी और क्षेत्र प्रदेश में विकास की दृष्टि से अग्रणी स्थान पर दिखाई देगा।उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि सरकार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। वर्ष 2017 से 2022 के दौरान सदन में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की सक्रिय भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी योग्यता और प्रयासों से क्षेत्र के लिए सैकड़ों योजनाएं स्वीकृत हुईं, जिनका लाभ आज जनता को मिल रहा है।कैबिनेट मंत्री ने कहा कि किच्छा में एम्स जैसी महत्वपूर्ण परियोजना का स्वीकृत होना ऐतिहासिक कदम है। जिस दिन एम्स का संचालन प्रारंभ होगा, उस दिन किच्छा के लोग स्वयं को गौरवान्वित महसूस करेंगे और क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में नई पहचान स्थापित करेगा।वहीं, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार विकास और जनकल्याण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में ऐतिहासिक निर्णय लिए जा रहे हैं, जिससे हर वर्ग को लाभ मिल रहा है और किच्छा क्षेत्र भी तेजी से विकास की ओर अग्रसर है।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम, धीरेंद्र मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी, पिंकी डिमरी, महामंत्री मुकेश कोली, जितेंद्र गौतम, बिजेंद्र यादव, टीकम सिंह कोरंगा, हारून मलिक, इफ्तिखार मियां, जितेंद्र गुप्ता, रेनू यादव, कविता मान, मधु गुप्ता, शैल शुक्ला, मुकेश गुप्ता, नीतू सिंह, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, ग्राम प्रधान कविता तिवारी, मोहन पांडे, बचूली देवी, जगदीश कांडपाल, अमन कश्यप, रोहित कोली, धीरज सिंह, जितेंद्र गुप्ता, नीरज सिंह, सतवंत सिंह, गफ्फार खान, जोगिंदर सिंह जिंदू, मानवेंद्र सिंह, जितेंद्र गुप्ता, संध्या झा, रेनू यादव, राजेश कुमार, रेहान मलिक, इश्तियाक खान, कृष्णा कान्हा तिवारी, धीरज द्विवेदी, अंकित पाठक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# जनपद स्तरीय स्कूटनी समिति की बैठक आयोजित

रूद्रपुर। नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला सभागार में जनपद स्तरीय स्कूटनी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में समिति द्वारा रवि कुमार पुत्र कालीचरण , निवासी- ग्राम बखपुर तहसील किच्छा द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र के क्रम में सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान समिति द्वारा संबंधित पक्षों को अभिलेखों की सत्य प्रतिलिपि उपलब्ध कराए जाने हेतु एक सप्ताह का समय दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि अभिलेखों की सत्य प्रतिलिपि उपलब्ध कराए जाने के उपरांत, एक सप्ताह के भीतर उक्त प्रकरण में नियमानुसार निर्णय पारित किया जाएगा। बैठक में उपजिलाधिकारी किच्छा गौरव पांडे, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, नामित सदस्य तथा पटल सहायक सचिन काल आदि उपस्थित थे।



# जनगणना प्रशिक्षण शिविर का समापन

गदरपुर । नगर पालिका परिषद गदरपुर क्षेत्र के अंतर्गत जनगणना 2027 के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन 22 अप्रैल 2026 को राजकीय आई.टी.आई गदरपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को जनगणना की बारीकियों, प्रक्रियाओं तथा डिजिटल माध्यम से डेटा संग्रहण के विषय में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया, ताकि




जनगणना कार्य को पारदर्शी एवं सटीक बनाया जा सके। अध्यक्ष मनोज गुम्बर ने सभी कर्मियों को आगामी जनगणना कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ दायित्व निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है,जिससे विकास योजनाओं की दिशा तय होती है। इस अवसर पर चार्ज जनगणना अधिकारी कैलाश सिंह पटवाल सहित बैंक कर्मी, प्रोफेसर, शिक्षक, फील्ड ट्रेनर्स एवं नगर पालिका स्टाफ उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जनगणना कार्य को पूरी शुद्धता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न करने का संकल्प लिया।

# पांच दिवसीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

रूद्रपुर। ऑल इण्डिया शतरंज फैडरेशन व उत्तराखण्ड शतरंज फैडरेशन के तत्वाधान में देवभूमि शतरंज एसोसिएशन द्वारा भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल लालपुर, रूद्रपुर में पांच दिवसीय स्व0 श्री धीरज सिंह रघुवंशी मेमोरियल ओपन शतरंज प्रतियोगिता का जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया व अध्यक्ष फैन्सिंग फैडरेशन एशिया राजीव मेहता, अध्यक्ष शतरंज फैडरेशन इण्डिया भरत सिंह चौहान ने दीप प्रज्जलित कर शुभारम्भ किया। इस ऑल इण्डिया ओपन शतरंज प्रतियोगिता में देश 260 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है। प्रतिभागियों को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है जिसे कोई भी, कभी भी, कही भी खेल सकते है। शतरंज खेल की सभी जानकारियां इंटरनेट पर मौजूद है, जिससे बच्चे आसानी से सीख सकते है। उन्होने कहा शतरंज खेल दिमाग को तेज बनाता है व इस खेल को खेलने वालों को बुढ़ापे में मनोअवसाद भी नही होता है। उन्होने इस शतरंज प्रतियोगिता को रूद्रपुर में कराने के लिए ऑल इण्डिया शतरंज फैडरेशन व उत्तराखण्ड शतरंज फैडरेशन को बधाई दी। उन्होने खिलाड़ियों से कहा कि खेलो को लक्ष्य बनाकर खेले व नियमित अभ्यास करें ताकि ऑल इण्डिया में अच्छी रेंक हासिल करते हुए ओलम्पिक में भी प्रतिभाग कर सकें। कार्यक्रम में देवभूमि एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय चड्ढा, महासचिव मनोज खेड़ा, महासचिव ओलम्पिक एसोसिएशन डॉ0 डीके सिंह, संजवी चौधरी, सीमा सिंह, प्रधानाचार्य भातीय इंटरनेशनल स्कूल रश्मि आनंद सहित शतरंज फैडरेशन के अनेक पदाधिकारी व खिलाड़ी मौजूद थे।





# मोदी सरकार ने अपनी हर योजना के केंद्र में 'नारी शक्ति' को रखा: शांति मेहरा

## भाजपा नेताओं ने प्रेस वार्ता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर बोला हमला

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी के नेताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। दर्जा राज्य मंत्री श्रीमती शांति मेहरा, महापौर विकास शर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने प्रेस वार्ता में कहा कि महिलाओं को उनका हक न मिल पाए, इसके लिए कांग्रेस ने संसद में इस विधेयक की राह में रोड़े अटकाए। दर्जा राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में हुए महिला सशक्तिकरण के कार्यों का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी हर योजना के केंद्र में 'नारी शक्ति' को रखा है, जिससे आज देश की महिलाओं के आत्मविश्वास में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।प्रेस वार्ता की शुरुआत करते हुए दर्जा राज्य मंत्री श्रीमती शांति मेहरा ने प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से अपने पहले ही भाषण में देश को खुले में शौच से मुक्त करने और शौचालयों के निर्माण का संकल्प लिया था, तब विपक्षी दलों ने इसकी गंभीरता को नहीं समझा था। आज देश भर में






निर्मित करोड़ों शौचालयों ने न केवल महिलाओं को अंधेरे का इंतजार करने की मजबूरी से मुक्ति दिलाई है, बल्कि उनकी शारीरिक सुरक्षा और स्वास्थ्य को भी सुनिश्चित किया है। अभियान की सफलता पर चर्चा करते हुए श्रीमती मेहरा ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना ने देश के लिंगानुपात में सुधार करने के साथ-साथ बेटियों के प्रति समाज की रूढ़िवादी सोच को जड़ से बदला है। इसके अलावा मोदी सरकार ने मुद्रा योजना से भी गरीब महिलाओं के उत्थान का काम किया। आवास योजना के तहत जहां जहां भी आवास दिये गये वहां पर चाबियां महिलाओं को दी गयी, यानि इस योजना के केन्द्र में भी महिलाएं थी। उज्जवला योजना ने भी महिलाओं को लकड़ी के धुएं से मुक्ति दिलाने का काम किया। इन्द्रधनुष योजना के तहत महिलाओं के टीकाकरण के साथ ही आर्थिक रूप से भी मदद दी गयी। महिलाओं के स्वास्थ्य से लेकर उन्हें स्वावलंबी बनाने की सोच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रही है। मातृ वंदन योजना, लखपति दीदी योजना जैसी योजनाओं से भी करोड़ों महिलाएं लाभान्वित हुयी हैं। महिलाओं के सम्मान के लिए ही मोदी सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद में पेश किया था लेकिन महिला विरोधी कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इसे पारित नहीं होने दिया। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि भाजपा की सोच है कि इस देश के अंदर सबको समान रूप से प्रतिनिधित्व मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्तर सालों से देश को लूटने का काम कर रही थी लेकिन 2014 से मोदी सरकार आने के बाद उसकी लूट खसोट बंद हो गयीं। आज निकाय हो या विधानसभा हो या लोकसभा हो सबके माध्यम से जन कल्याणकारी कार्य कराये जा रहे हैं। भाजपा समान रूप से सबको प्रतिनिधित्व देना चाहती है। सरकार चाहती है कि जो हमारी आधी आबादी है उसे भी उनका अधिकार मिले। महापौर ने कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम को लेकर विपक्ष जनता को गुमराह करने का काम कर रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर कांग्रेस के दोहरे चरित्र को जनता के सामने रखेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा आरक्षण को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम का जवाब जनता आने वाले समय में देगी। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल , महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री श्रीमती रश्मि रस्तोगी, जिला अध्यक्ष नीता सक्सैना , जिला महामंत्री श्री तरुण दत्ता, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती रीना गौतम, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रीति धीर, जिला मीडिया प्रभारी विजय तोमर आदि उपस्थित हुए ।

## विश्वविद्यालय अन्त छात्रावास वॉलीबॉल ( पुरुष ) प्रतियोगिता आयोजित

पंतनगर। 22 अप्रैल 2026। सत्र 2025-26 की विश्वविद्यालय अन्त छात्रावास वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 से 20 अप्रैल 2026 तक स्टीवेंसन स्टेडियम में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में कुल 9 छात्रावासों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच वी.एस. भवन एवं पन्त भवन के बीच खेला गया। वी.एस. भवन ने पन्त भवन को 25-18, 24-26, 25-17, 25-23 से पराजित कर उक्त प्रतियोगिता जीती। श्री आशीष कुमार, वी.एस. भवन



के छात्र को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डा ए.एस. जीना द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन अधोहस्ताक्षरी एवं वॉलीबॉल के स्टाफ काउंसलर डा. आर. पी. मौर्य ने सफलतापूर्वक किया। शारीरिक शिक्षा अनुभाग के कर्मचारियों एवं श्रमिकों द्वारा उक्त आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया।

## विषाक्त पीने से किशोरी की मौत

किच्छा (उद संवाददाता)। मंगलवार को घर में झाड़ू लगाने के दौरान 13 साल की किशोरी ने धोखे से शीशी में रखा कीटनाशक पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसे हल्द्वानी के एसटीएच लाया गया। यहां उपचार के दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार पुलभट्टा निवासी आफरोज की 13 साल की बेटी अर्शी मंगलवार सुबह घर के अंदर झाड़ू लगा रही थी। इसी दौरान उसकी नजर कमरे में रखी एक शीशी पर पड़ी। अनजाने में अर्शी ने शीशी में रखा पेय पदार्थ गटक लिया। इसके कुछ ही देर में उसकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी और उसे लगातार उल्टी होने लगीं। परिजनों के पूछने पर बच्ची ने बताया कि उसने शीशी में रखा पदार्थ पी लिया है। इसके बाद गंभीर हालत में परिजन उसे नजदीकी अस्पताल लेकर गए। वहां से अर्शी को हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। यहां कुछ घंटे उपचार के बाद देर रात किशोरी ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि कीड़े वगैरह मारने के लिए घर में कीटनाशक को छिपाकर रखा था। पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन बच्ची का शव घर ले गए।

## फासीवाद के खिलाफ संघर्ष का लिया संकल्प

रुद्रपुर, 22 अप्रैल। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के 57वें स्थापना दिवस के अवसर पर हेड मास्टर निशान सिंह भवन में एक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को क्रांतिकारी श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई, जिसके बाद केंद्रीय कमेटी द्वारा जारी स्थापना दिवस के आह्वान का पाठ किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा कि भाकपा (माले) नक्सलबाड़ी किसान विद्रोह की ज्वाला से उपजी पार्टी है, जिसने तमाम कठिन परिस्थितियों में भी जनता की शक्ति और संघर्ष के बल पर खुद को निरंतर मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर कम्युनिस्ट आंदोलन को खत्म करने के दावे किए गए, लेकिन हर बार यह आंदोलन और मजबूती से उभरा है।पार्टी नेता अमनदीप कौर ने कहा कि आज देश के मेहनतकश वर्ग में असंतोष के संकेत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मजदूरों के अधिकारों पर हमले



हो रहे हैं और नई श्रम संहिताओं के खिलाफ देशभर में विरोध बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने में केंद्र सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है।वक्ताओं ने कहा कि नोएडा, मदरसन, आंगनबाड़ी और सिडकुल क्षेत्रों में मजदूर सम्मानजनक वेतन और सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, जिनका दमन किया जा रहा है। उन्होंने इन आंदोलनों में दर्ज मुकदमों को वापस लेने और मजदूरों की मांगें पूरी करने की मांग उठाई। बैठक में फासीवाद के खिलाफ संघर्ष को तेज करने और पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। साथ ही आह्वान किया गया कि भाकपा (माले) के विस्तार के लिए सभी कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि शहीदों के सपनों को साकार किया जा सके। कार्यक्रम में ललित मटियाली, अमनदीप कौर, अनिता अन्ना, ज्ञानी सुरेन सिंह, उत्तम दास, दर्शन सिंह, रंजन विश्वास, सत्यवीर सिंह, प्रीति, जगजीत कौर और नवजोत सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दीपक हत्याकांड का खुलासा, युवक गिरफ्तार

रुद्रपुर/किच्छा। ऊधमसिंहनगर पुलिस ने किच्छा क्षेत्र में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करते हुए मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सितारगंज के पर्यवेक्षण में गठित टीम ने 20 अप्रैल 2026 को अभियुक्त शिवा (19 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल (चाकू) बरामद किया, जिसके बाद मामले में आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 भी बढ़ा दी गई है।17 अप्रैल 2026 की रात पुरानी गल्ला मंडी निवासी दीपक कुमार पर शिवा ने चाकू से हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान 18 अप्रैल को सुशीला तिवारी अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले में वादी विनीत कुमार की तहरीर पर थाना किच्छा में मुकदमा दर्ज किया



गया था, जिसमें बाद में हत्या की धारा भी जोड़ी गई। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि मृतक दीपक उसके मामा की लड़की से बातचीत करता था, जिससे वह नाराज था। घटना की रात बनखंडी मंदिर के पास दोनों के बीच विवाद हुआ, जो बढ़ने पर उसने आवेश में आकर दीपक पर चाकू से हमला कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्त शिवा पुत्र महेश, निवासी नंदपुर नरका टोपा, थाना बाजपुर (हाल निवासी पुरानी गल्ला मंडी, किच्छा), उम्र 19 वर्ष है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# प्रीत विहार के लोगों को मिली दो सड़कों की सौगात

रुद्रपुर। नगर निगम रुद्रपुर के विकास रथ को आगे बढ़ाते हुए महापौर विकास शर्मा ने वार्ड संख्या 25 के अंतर्गत फाजलपुर महरौला और प्रीत विहार स्थित पंचवटी कॉलोनी में बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। क्षेत्रीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को प्राथमिकता देते हुए महापौर ने लाखों रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर स्थानीय वार्डवासियों ने महापौर का अभूतपूर्व स्वागत किया और उन्हें पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके प्रति आभार प्रकट किया।महापौर ने रनवीर सिंह चौहान के आवास से अवतार सिंह के आवास तक तथा गोपी के आवास से विजेन्द्र के आवास तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। शिलान्यास के पश्चात





उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि नगर का चहुंमुखी विकास केवल एक चुनावी वादा नहीं, बल्कि उनका मिशन है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि प्रीत विहार और आसपास की कॉलोनियों में जलभराव, जर्जर सड़कों और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान उनकी शीर्ष प्राथमिकता है। महापौर ने जोर देकर कहा कि नगर निगम का बजट जनता की अमानत है और इसका एक-एक पैसा पूरी पारदर्शिता के साथ शहर के कायाकल्प में लगाया जा रहा है। जिस प्रकार शहर के मुख्य मार्गों को सुदृढ़ किया गया है, उसी तर्ज पर अब आंतरिक गलियों और कॉलोनियों को भी मुख्यधारा के विकास से जोड़ा जा रहा है।महापौर ने स्पष्ट किया कि रुद्रपुर नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं और गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्च मानकों के अनुरूप पूर्ण होने चाहिए ताकि जनता को इनका दीर्घकालिक लाभ मिल सके। उन्होंने स्वयं समय-समय पर इन कार्यों का औचक निरीक्षण करने की बात भी कही। कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती प्रियंका संतोष गुप्ता और पार्षद प्रतिनिधि संतोष गुप्ता ,वार्ड संख्या 1 से पार्षद पवन राणा, वार्ड संख्या 11 से पार्षद मनमोहन राय और वार्ड संख्या 22 से पार्षद चंद्रसेन चंदा,देवेन्द्र रस्तोगी, त्रिलोचन सिंह, रनवीर सिंह चौहान, लालबचन गुप्ता, अखिलेश भटनागर, डी.एन. शर्मा, उपेन्द्र गुप्ता, तिलक राज, प्रसाद लाल, अंकुर गुप्ता दीपक सक्सेना,चंद्रमोहन (बूथ अध्यक्ष), श्सुनील, बिल्लू, अजय सक्सेना, विजेंद्र सागर के साथ-साथ श्रीमती रामकली, श्रीमती कमला देवी, श्रीमती बीना बसड़ा और श्रीमती पुष्पा देवी सहित भारी संख्या में मातृशक्ति एवं स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## शांति वार्ता की उम्मीद

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया है। इससे उन आशंकाओं पर फिलहाल विराम लग गया है कि पश्चिम एशिया में फिर से बारूद बरसने लगेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से की गई इस घोषणा को अस्थायी रूप से भले ही एक अच्छी पहल माना जा रहा है, लेकिन जब तक दोनों पक्षों के बीच विवाद का स्थायी समाधान नहीं होगा, तब तक युद्ध की चिंगारी अंदर ही अंदर सुलगती रहेगी। यही नहीं, युद्धविराम की अवधि बढ़ाने का फैसला तभी सार्थक साबित होगा, जब होर्मुज जलमार्ग को दुनिया के लिए खोल दिया जाएगा, क्योंकि इसकी वजह से वैश्विक स्तर पर ऊर्जा का संकट पैदा हो गया है। इसका प्रभाव उन देशों पर भी पड़ रहा है, जिनका युद्ध से सीधे तौर पर कोई संबंध नहीं है। होर्मुज जलमार्ग को लेकर ईरान के अड़ियल रवैये के बाद अमेरिका की नाकेबंदी से हालात और जटिल हो गए हैं। ऐसे में जरूरी है कि अब दोनों पक्ष उस शांति वार्ता को आगे बढ़ाने को प्राथमिकता दें, जो पाकिस्तान के इस्लामाबाद में बेनतीजा रही थी।गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में दो सप्ताह के युद्धविराम की अवधि बुधवार को खत्म हो रही थी, जबकि अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता के दूसरे दौर को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई थी।अमेरिका चाहता था कि वार्ता आगे बढ़े, लेकिन ईरान ने अमेरिका की ओर से मिल रही धमकियों का हवाला देते हुए बातचीत की मेज पर आने की सहमति नहीं जताई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि उन्होंने यह कदम तेहरान के आंतरिक मतभेदों से जूझ रहे नेतृत्व को सात सप्ताह से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार करने का समय देने के उद्देश्य से उठाया है।मगर, सवाल है कि ईरान की ओर से जो प्रस्ताव पूर्व में दिया गया था और जिसे पहले दौर की शांति वार्ता में रखा गया था, जब उस पर किसी तरह की सहमति नहीं बन पाई, तो नए प्रस्ताव की स्वीकार्यता कैसे संभव हो पाएगी? क्या ईरान अपनी शर्तों में नरमी लाएगा या फिर अमेरिका अपने रुख में बदलाव लाने पर विचार करेगा? वर्तमान में दोनों पक्षों की ओर से जिस तरह के तेवर दिखाए जा रहे हैं, उससे स्थिति सुधरने के बजाय जटिल होती जा रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने युद्धविराम बढ़ाने के एलान के साथ यह भी स्पष्ट कर दिया है कि ईरान पर हमले तभी तक रुकेंगे रहेंगे, जब तक उसके नेता और प्रतिनिधि समेकित प्रस्ताव तैयार नहीं कर लेते। साथ ही कहा कि ईरान के बंदरगाहों पर आर्थिक नाकेबंदी जारी रहेगी। इस घोषणा के बाद ईरान की ओर से होर्मुज में तीन जहाजों पर हमले किए गए। इससे पहले अमेरिका की नौसेना ने ईरानी कच्चे तेल को ले जा रहे एक जहाज को अपने कब्जे में ले लिया था। इस बीच, ईरान ने कहा है कि अमेरिका की ओर से जब तक नाकेबंदी नहीं हटाई जाती है, तब तक बातचीत दोबारा शुरू नहीं होगी। इससे साफ है कि भले ही युद्धविराम काफी हद तक कायम रहे और ईरान तथा अमेरिका बड़े हमले दोबारा शुरू न करें, फिर भी यह तनाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव बनाए रखेगा। सवाल है कि क्या अमेरिका और ईरान की यह जिम्मेदारी नहीं है, जिन देशों का इस युद्ध से सीधा संबंध नहीं है, उन पर इसका कोई प्रभाव न पड़े? दोनों देशों को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि वे शांति वार्ता की मेज पर आएं और ईमानदारी से विवाद का स्थायी हल खोजने की कोशिश करें।

## तामली मल्टी विलेज पेयजल योजना को 14.57 करोड़ की मिली स्वीकृति

चंपावत। जनपद चम्पावत के दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्रों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने तामली मल्टी विलेज (बहु-ग्रामीण) पंपिंग पेयजल योजना को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा संख्या 628/2024 के क्रम में स्वीकृत इस परियोजना हेतु घ1457.21 लाख (लगभग 14.57 करोड़) की धनराशि का मुख्यमंत्री श्री धामी के अनुमोदन प्रदान किया है। इसमें 1349.04 लाख की पूंजीगत लागत तथा 108.17 लाख सेंटेज शुल्क सम्मिलित है। योजना का क्रियान्वयन उत्तराखंड पेयजल निगम द्वारा किया जाएगा।यह महत्वाकांक्षी योजना लगभग 21 किलोमीटर के दायरे में फैले ग्राम तामली, पोलप, बचकोट एवं नाग के 400 से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करेगी। परियोजना के अंतर्गत अत्याधुनिक लिफ्ट (पंपिंग) आधारित पेयजल प्रणाली विकसित की जाएगी, जिसके माध्यम से ऊंचाई पर बसे गांवों तक नियमित एवं निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।तकनीकी दृष्टि से योजना का व्यापक सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। वर्तमान 0.68 किमी लंबी राइजिंग मेन लाइन को बढ़ाकर 4.38 किमी किया जाएगा, जबकि 4.18 किमी की सप्लाई मेन लाइन को विस्तारित कर 7.80 किमी तक किया जाएगा। इससे जल वितरण प्रणाली अधिक सशक्त, प्रभावी एवं टिकाऊ बनेगी। योजना के पूर्ण होने पर तामली क्षेत्र में वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा। इससे न केवल ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा, बल्कि जल संग्रहण की कठिनाई से जूझ रही महिलाओं एवं बच्चों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

## मुख्यमंत्री राहत कोष से तारा दत्त जोशी को मिली आर्थिक सहायता

चम्पावत। जनपद के ग्राम ढकना बडोला निवासी श्री तारा दत्त जोशी को मुख्यमंत्री राहत कोष से 50,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। यह सहयोग उनके लंबे समय से चल रहे गंभीर बीमारी के उपचार में राहत देने के उद्देश्य से



प्रदान किया गया है।बताया गया है कि श्री तारा दत्त जोशी पिछले लगभग कई वर्षों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। निरंतर उपचार के चलते उन पर आर्थिक बोझ बढ़ता गया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर हो गई।हाल ही में उन्होंने अपनी समस्या को लेकर जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। जिलाधिकारी ने मामले का संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष से 50,000 की सहायता राशि स्वीकृत कराई।इस आर्थिक सहायता से श्री तारा दत्त जोशी एवं उनके परिवार को राहत मिली है। उनकी पत्नी ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करें छात्र : राज्यपाल

### राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियां एवं पदक देकर सम्मानित किया

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को वीर माधो सिंह भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नवें दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को




उपाधियां प्रदान कीं तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को पदक देकर सम्मानित किया। दीक्षांत समारोह में तुलाज इंस्टीट्यूट की बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शाखा की छात्रा गुंजन भटनागर को विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर "श्रीमती विनोद देवी अग्रवाल मेमोरियल गोल्ड मेडल" से सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में नव निर्मित छात्रावास "गंगा" का लोकार्पण भी किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने एआई लिटरेसी, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग विवरणिका, इवोरा उत्तराखण्ड एनवायरनमेंट गार्डियन ऐप तथा सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम की विवरणिका का विमोचन किया। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह अवसर केवल उपाधि प्राप्त करने का नहीं, बल्कि जीवन में नई दिशा और जिम्मेदारियों की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पांच हजार से अधिक छात्र-छात्राएं शिक्षा के एक महत्वपूर्ण चरण को पूर्ण कर राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रसर हो रहे हैं और अब वे केवल विद्यार्थी नहीं, बल्कि भविष्य के नेतृत्वकर्ता हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वर्तमान युग तकनीक का युग है और युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मेटावर्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, स्पेस और नैनो टेक्नोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों में दक्ष होना आवश्यक है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करें, नवाचार को अपनाएं तथा केवल नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले बनें, जिससे देश के विकास में सक्रिय योगदान दिया जा सके। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दें, जिनके मार्गदर्शन, त्याग और आशीर्वाद से वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। दीक्षांत समारोह में कुलपति डॉ. तृप्ता ठाकुर ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं नवाचारों पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन.के. जोशी, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. (डॉ.) भानु दुग्गल, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड हॉर्टिकल्चर एवं फॉरेस्ट्री विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परविन्दर कौशल, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनमोहन सिंह चौहान सहित विश्वविद्यालय की विभिन्न समितियों के सदस्य, अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# 10 बड़े बकायेदारों की सूची तहसीलों में लगाये-डीएम

रूद्रपुर। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने गुरूवार को जिला सभागार में मासिक स्टाफ बैठक लेते हुए उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों को नियमित कोर्ट लगाकर लम्बित वादों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि पुराने वादों को प्राथमिकता से निस्तारण किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि बकायदारो से कड़ाई से राजस्व वसूली की जाय व 10 बड़े बकायेदारों की सूची तहसीलों में लगाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था और बेहतर बनाने के निर्देश दिये। उन्होने जनपद में गतिविधियों पर



पैनी नजर रखने के निर्देश पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दिये। उन्होने न्यायालयों में अभियोजन पक्ष द्वारा पैरवी प्रभावी तरीके से रखने के निर्देश दिये ताकि पीड़ितों को समय से न्याय मिल सके। उन्होने कहा कि विवेचना में जो कमियां रही हो उसकी चौक लिस्ट बनाकर अन्य पॉक्सो मामलो में विवेचना किया जाये। उन्होने कहा कि पुलिस व अभियोजन विभाग की कमी के कारण कोई अपराधी कोर्ट से दोसमुक्त न हो इसका ध्यान रखे। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को मजिट्रीयल जांच समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होने अभियोजन व पुलिस आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करे व कही कोई कठिनायी आती है तो व्हाट्सप ग्रुप साझा कर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए शतप्रतिशत राजस्व वसूली करने के निर्देश दिये। उन्होंने आबकारी अधिकारी को कच्ची शराब व अवैध मदिरा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने हेतु नियमित छापेमारी करने के निर्देश भी दिये। उन्होने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि यदि नदियों में कही रिवर ड्रेजिंग व चौनेलाईज कराने की आवश्यकता हो तो संयुक्त निरीक्षण कर स्थान चिन्हित करते हुए वर्षाकाल से पूर्ण रिवर ड्रेजिंग, चौनेलाईज कार्य करा लिया जाये ताकि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने सीएम हैल्पलाईन, सीएम जन समर्पण पोर्टल, आयोग के सन्दर्भो, रिट याचिका सन्दर्भो, आडित आपत्तियों, पेंशन प्रकरणों आदि की आख्या रिपोर्टिंग को समय सीमा के भीतर भेजने के निर्देश दिये। उन्होने सीएम हैल्प लाईन व जन समर्पण पोर्टल में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुये समय से निस्तारण करने व शिकायतकर्ता से स्वयं वार्ता भी करने के निर्देश भी दिये। उन्होने एआरटीओ को ओवर लोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 25 अप्रैल शनिवार से 24 मई तक जनगणना अभियान चलाया जायेगा। उन्होने कहा कि सभी तहसीलदार व अधिशासी अधिकारी जनगणना कार्य का परीक्षण नियमित करें व आकड़ों की शुद्धता पर विशेष ध्यान दे तथा प्रतिदिन पोर्टल पर अपलोड कराना भी सुनिश्चित करेगें। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ऋचा सिंह, तुषार सैनी, गौरव पाण्डेय, राहुल साह, सीओ प्रशान्त कुमार, संयुक्त निदेशक अभियोजन डीएस जंगपांगी, डीजीसी मनोज कुमार तिवारी, बरीत सिंह, एआरटीओ मोहित कोठारी, पूजा नयाल, जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चन्द्र तिवारी, अभिहित अधिकारी एलएम पाण्डे सहित तहसीलदार व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# चम्पावत की महिलाएं मसालों की खुशबू में बसा रही आत्मनिर्भरता

चंपावत। जनपद चम्पावत के विकासखंड बाराकोट अंतर्गत ग्राम खालकिना तोक की महिलाओं ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, सामूहिक प्रयास और सही मार्गदर्शन के साथ ग्रामीण महिलाएँ भी आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयों को छू सकती हैं।जो महिलाएँ कभी केवल घरेलू कामों तक सीमित थीं और अपनी आवश्यकताओं के लिए दूसरों पर निर्भर रहती थीं, आज वही महिलाएं उद्यमी बनकर अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं।'सखी स्वयं सहायता समूह' की 9 महिलाओं ने सामूहिक पहल करते हुए मसाला निर्माण के क्षेत्र में कदम रखा। आज यह पहल न केवल उनकी आजीविका का सशक्त माध्यम बना है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी नई दिशा दे रही है।इस परिवर्तन की आधारशिला 'ग्रामोत्थान परियोजना' के माध्यम से रखी गई, जो आईफैड , केंद्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से संचालित एक महत्वपूर्ण पहल है। परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि, आजीविका के अवसरों का सृजन तथा पलायन पर नियंत्रण करना है। बाराकोट क्षेत्र में परियोजना टीम द्वारा आयोजित जागरूकता बैठकों ने महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास जगाया और उन्हें लघु



उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्हें उद्यम योजना, समूह संचालन और बैंक ऋण की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।परियोजना के तहत सखी स्वयं सहायता समूह का चयन मसाला इकाई की स्थापना के लिए किया गया। आवश्यक सत्यापन के पश्चात कुल 10 लाख रुपये की योजना स्वीकृत हुई, जिसमें 6 लाख रुपये की अनुदान राशि ग्रामोत्थान परियोजना से प्राप्त हुई। शेष 3 लाख रुपये बैंक ऋण के माध्यम से तथा 1 लाख रुपये समूह द्वारा अंशदान के रूप में जुटाए गए।इस वित्तीय सहयोग से महिलाओं ने हल्दी, मिर्च और धनिया जैसे मसालों की सफाई, पिसाई एवं पैकेजिंग हेतु एक आधुनिक इकाई स्थापित की। समूह की महिलाओं ने आपसी समन्वय के साथ कार्यों का विभाजन किया हैख्र कुछ सदस्य उत्पादन में तो कुछ पैकेजिंग और विपणन में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इस सामूहिक कार्यशैली ने उद्यम को सुदृढ़ आधार प्रदान किया है।हालांकि प्रार्रंभिक दौर में महिलाओं को कच्चे माल की गुणवत्ता, मशीन संचालन और बाजार में पहचान बनाने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने प्रशिक्षण और निरंतर मार्गदर्शन के बल पर इन बाधाओं को पार किया। उद्यम शुरू हुए अभी कुछ ही समय हुआ है, लेकिन इस दौरान ही स्थानीय बाजारों में उत्पादों की गुणवत्ता के कारण उन्हें उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। आज यह पहल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि उनके आत्म सम्मान, निर्णय क्षमता और सामाजिक भागीदारी को भी सुदृढ़ कर रही है। सखी स्वयं सहायता समूह की यह सफलता अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही है, जो अब आत्मनिर्भरता की इस दिशा में कदम बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं।

# पर्यावरण संरक्षण को हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाए: डा. प्राची

रानीखेत (उद संवाददाता)। पृथ्वी दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के पर्यावरण प्रकोष्ठ व वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में प्राण वायु वाटिका का निर्माण कर कई सजावटी पौधों को लगाया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों जैसे जैव विविधता संरक्षण, वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण एवं जल संरक्षण आदि पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्राची जोशी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान दें और एक हरित भविष्य के निर्माण में सहभागी बनें। वनस्पति विज्ञान विभाग की प्राध्यापक डॉ. तनुजा तिवारी ने जलवायु परिवर्तन की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अभियान में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्राध्यापकों के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों डॉ. निर्मला जोशी, डॉ. प्रसून जोशी, डॉ. रश्मि रौतेला, डॉ. किरण पंत, डॉ. मीना परगाई, डॉ. स्तुति जोशी आदि तथा कर्मचारी कृपाल सिंह नेगी, ललित उपाध्याय का सराहनीय सहयोग रहा। जिन्होंने इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।



# हर दिन पृथ्वी दिवस मनाने का लिया संकल्प

हल्द्वानी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और पृथ्वी को बचाने का संकल्प दिलाना रहा। कार्यक्रम में शिक्षिका रेखा आर्य ने पृथ्वी दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार हम अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयासों से धरती को सुंदर और सुरक्षित बना सकते हैं। इस दौरान छात्राओं ने "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" थीम पर भाषण, कविता और पोस्टर के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए।कविता प्रतियोगिता में दुर्गा ने प्रथम, भूमिका ने द्वितीय और खुशी बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में कामिनी बिष्ट प्रथम, ज्योति बहुगुणा द्वितीय तथा निहारिका और वंशिका संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में मानवी ने प्रथम, इशिका ने द्वितीय और कीर्ति ने तृतीय स्थान हासिल किया।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती तनुजा जोशी ने सभी छात्राओं को पृथ्वी संरक्षण के लिए व्यक्तिगत स्तर पर जिम्मेदारी निभाने, प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने और हर दिन को पृथ्वी दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में अंग्रेजी शिक्षिका मंजूलता ने जनगणना 2026 के बारे में भी छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पोत्र लखविन्द्र सिंह व उसकी पत्नी विमला कौर को उनके गलत व्यवहार के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा उनसे कोई सम्बंध नही है।

बन्ता सिंह पुत्र श्री अर्जुन सिंह निवासी ग्राम सिद्धा नवदिया नानकमत्ता जिला - ऊ0सि0न0 उत्तराखण्ड

# विश्व पृथ्वी दिवस पर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

चम्पावत। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज दयारतोली, चम्पावत में एक व्यापक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत भवदीप सिंह रावते द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पृथ्वी संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने अधिक से अधि



क वृक्षारोपण, वनों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के विषय में जागरूक किया।कार्यक्रम के दौरान जनपद के समस्त पी.एल.वी. (पैरालीगल वॉलंटियर्स) द्वारा भी पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया तथा रैली का आयोजन कर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया।इसके अतिरिक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं के मध्य निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।




# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं उनके माता-पिता सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। दा ऑक्सफोर्ड अकादमी में आज सीबीएसई की कक्षा 10 में अव्वल आये विद्यार्थियों एवं उनके माता-पिता को सम्मानित किया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 10 के विद्यार्थी शौर्य वत्स 97.2 प्रतिशत, अदिति गैरोला 96 प्रतिशत, कनिष्का बढ़ई 95 प्रतिशत, केतन अरोरा 94 प्रतिशत, साक्षी बिष्ट 94 प्रतिशत को ट्रॉफी देकर एवं शुभम बढ़ई, फैसल अंसारी, आरिश खान, सुकरान्त मिस्त्री को भी मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया गया। प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावकों का अभिनन्दन करते हुये बताया कि माता-पिता के सहयोग, मार्गदर्शन सुझाव एवं देखरेख से ही कोई भी विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त करता है। इसके लिये उन्होने सभी माता-पिताओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर इन विद्यार्थीयों के परिजनों ने विद्यालय के प्रबन्ध समिति के सदस्यों, प्रधानाचार्य उप प्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ का धन्यवाद व अभार व्यक्त किया एवं अपने आशीष वचनों के साथ विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को निरन्तर मेहनत एवं लगन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति ने घोषणा की कि 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को मासिक शुल्क में 10 प्रतिशत छात्रवृति तथा 90 प्रतिशत से अधिक को 5 प्रतिशत छात्रवृति दी जायेगी। साथ ही समिति के सभी सदस्यों रोहताश बत्रा, वैभव बत्रा, श्रीमती मितीका बत्रा, सुरेन्द्र मिड्ढा, अमित जिन्दल श्रीमती प्रीती पपनेजा ने विद्यार्थीयों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये निरन्तर आगे बढ़ने का आर्शिवाद दिया एवं उनके परिजनों का आभार व्यक्त किया।



# रोडवेज कर्मियों ने किया प्रदर्शन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एस०सी०/एस०टी० श्रमिक संघ शाखा रूद्रपुर की एक बैठक शाखा अध्यक्ष विमल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें एस०सी०/एस०टी० वर्ग के कार्मिकों का निगम प्रबन्धन द्वारा अनावश्यक बिना कारण से उत्पीडन किये जाने के फलस्वरूप समस्त श्रमिक संघ के सदस्यों ने रोष व्यक्त किया। श्रमिक संघ ने आठ सूत्रीय मांग पत्र डिपो के सहायक महाप्रबंधक समक्ष प्रस्तुत किया।जिसमें कहा गया है उक्त बिन्दुओं पर त्वरित कार्यवाही नहीं की गई तो श्रमिक संघ 23 अप्रैल से डिपो में धरना शुरु करने के लिए बाध्य होगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रबन्धन की होगी। ज्ञापन में निगम के समस्त कार्मिकों को एक ही निर्धारित तिथि में मासिक वेतन का भुगतान करने, बिना प्राथमिक जॉच कराये श्रीनिवास, परिचालक, रूद्रपुर डिपों का आदेश वापस लेने, निगम बसें 60:40 के अनुपात पर रखने, डिपो में परिवहन निगम का स्वयं डीजल पम्प की व्यवस्था करने, वाहनों में स्पेयर पार्टस आपूर्ति एवं मेन्टीनेशन नियमित रूप से कराये जाने, निगम के बस बेडे में मानक के अनुसार वृद्धि करने, बस अड्डों से अवैध डग्गामारी बन्द करवाने, अवैध रूप से चालक परिचालकों की कटौती बंद करने और वरिष्ठ केंद्र प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग शामिल है। इस दौरान विमल कुमार व महेश सिंह आदि मौजूद थे।



# अर्जुन विश्वास बने जिला उपाध्यक्ष

शक्तिफार्म।राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) उत्तराखंड ने संगठन विस्तार के तहत उधम सिंह नगर जिले में नई नियुक्ति की है। शक्तिफार्म निवासी अर्जुन विश्वास को जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष लवदीप सिंह द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया गया। संगठन की ओर से बताया गया कि अर्जुन विश्वास को कांग्रेस पार्टी और छात्र हितों के प्रति उनके समर्पण, लगन एवं संघर्षशील कार्यशैली को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। एनएसयूआई को उनसे उम्मीद है कि वह पूर्व की तरह सक्रिय रहते हुए छात्र-छात्राओं की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे और संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे। एनएसयूआई के प्रदेश नेतृत्व ने भी इस नियुक्ति पर प्रसन्नता जताते हुए अर्जुन विश्वास को शुभकामनाएं दी हैं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाकर तथा प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है। गौरतलब है कि अर्जुन विश्वास सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के शक्तिफार्म के निवासी हैं और लंबे समय से छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। बधाई देने वालो मे उत्तम आचार्य,सुमिंदर यादव,अमित सरकार,श्रीकांत मिस्त्री,प्रशांत मण्डल, विनय विश्वास,मनोज सुतार,प्राण मण्डल, सुनील हालदार,भगवान पांडेय, अमित विश्वास,समीर मल्लिक,प्रशांत मजूमदार,पियूष हीरा,पंकज साना,आदि थे।



## पेज एक का शेष...

**वैदिक मंत्रोच्चार के साथ........**में झुमैलो नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे संपूर्ण वातावरण लोक संस्कृति और आस्था के रंग में रंग गया। वहीं देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने भी भजन-कीर्तन कर अपनी श्रद्धा अर्पित की।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने धाम में संचालित भंडारे का रिबन काटकर शुभारंभ किया तथा श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने भंडारा संचालकों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मानव सेवा ईश्वर सेवा उत्थान समिति द्वारा संचालित विशाल भंडारे की सराहना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, बीकेटीसी के सीईओ विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, रावल अमरनाथ नंबूदरी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, नायब रावल सूर्यराग नंबूदरी, धर्माधिकारी स्वयंबर सेमवाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, आचार्य वाणी विलास डिमरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**खाई में गिरी कार........** है। हादसे में मृतकों की पहचान नवीन सिंह (30 वर्ष), अंशुल (28 वर्ष) और अमित सिंह (35 वर्ष) के रूप में हुई है। सभी रुद्रप्रयाग जिले के निवासी हैं।

**बस से टकराकर बाईक.........** लालकुआं निवासी 35 वर्षीय पुष्कर सिंह कार्की पुत्र दीवान सिंह कार्की अपनी बाइक से रामनगर की ओर से हल्द्वानी की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह कालाढूंगी के कमोला क्षेत्र में गुरुणी नाले के पास पहुंचा, उसने आगे चल रही बस को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर बस के पीछे जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुष्कर सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर खड़े लोगों में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस और पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया।हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां उनमें कोहराम मच गया। जांच अधिकारी एसआई तनवीर आलम ने बताया कि मृतक पुष्कर सिंह कार्की रामनगर के पास मार्चुला क्षेत्र में ट्रक चालक के रूप में कार्य करता था और आज सुबह अपने घर लौट रहा था। वह परिवार का इकलौता सहारा था और पूरे घर की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी।

**आरक्षण को लेकर धरने........**के अंदर दुनिया के सबसे ज्यादा जितनी महिलाएं दुनिया में पंचायती प्रतिनिधि हैं। इस बार सत्तारूढ़ दल ने प्रपंच कर महिला आरक्षण को उलझा दिया। महिला आरक्षण के साथ परिसीमन को जोड़ने की क्या आवश्यकता थी? और यदि आवश्यकता थी तो फिर परिसीमन पर पहले बातचीत कर उसकी गुत्थी को सुलझाते तो बेहतर होता। भाजपा सरकार अगर वास्तव में महिलाओं को आरक्षण के पक्ष में है तो लोकसभा में 543 सदस्यों के आधार पर ही 33 प्रतिशत सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित घोषित करें।

# मजदूरी मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

काशीपुर। एक युवक ने मजदूरी के पैसे मांगने पर ठेकेदार व मालिक पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। कुंडेश्वरी निवासी नरेन्द्र सिंह कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने पथरी मंदिर के सामने प्लाई का कार्य किया था। दो माह काम करने के बाद जब उसने ठेकेदार व मालिक से अपनी मजदूरी के 25 हजार रूपये मांगे तो उन्होंने पैसे देने से इंकार कर दिया। कहा कि जब वह मजदूरी के पैसे मांगने उनके घर गया तो उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर उसके मजदूरी के पैसे दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# फिर अंजाम तक नहीं पहुंच सकी 'लव जिहाद के विरुद्ध लड़ाई'

**आरंभिक सहयोग के बाद जनप्रतिनिधियों एवं हिंदू संगठनों ने पीड़िता को उसके हाल पर छोड़ा पुलिस के समक्ष अकेली पड़ी पीड़िता ने किया अग्रिम कार्यवाही न करने का लिखित निवेदन**

– अर्श–

रुद्रपुर। भाजपा उत्तराखंड में लव जिहाद एवं जबरिया धर्म परिवर्तन के रोकथाम के लिए पर्याप्त सख्त कानून होने के बावजूद लव जिहाद एवं जबरिया धर्म परिवर्तन के आरोपियों को उनके दुष्कृत्यों के लिए अधिकतम सजा नहीं दी जा पा रही है। वह इसलिए, क्योंकि ऐसे मामलों में या तो पीड़ित पक्ष आरंभ में ही कमजोर पड़कर पुलिस थाने में ही अग्रिम कार्यवाही करवाने से इनकार कर देता है और कुछ पीड़ित पक्ष अगर मामले को आगे बढ़ाने की हिम्मत जुटा भी लेते हैं, तो कोर्ट में पर्याप्त साक्षी और सबूत एवं सामाजिक सहयोग के अभाव में उनकी हिम्मत जवाब दे जाती है और मामला कोर्ट में दम तोड़ देता है। ऐसे मामलों में आमतौर पर यह है देखा जाता है कि मामला प्रकाश में आने पर आरंभ में तो तमाम हिंदू संगठन और तथाकथित हिंदू हिमायती नेता बड़ा हो हल्ला करते हैं ,लेकिन तात्कालिक रूप से अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करने के बाद कालांतर में वे पूरी तरह उदासीन हो जाते हैं। जिसका नतीजा यह होता है कि पीड़ित पक्ष, जो कि आमतौर पर एक महिला होती है ,पूरी तरह अकेली पड़ जाती है और मन मार कर अपने कदम वापस खींच लेती है।



लिहाजा, लव जिहाद एवं जबरिया धर्म परिवर्तन के आदी व्यक्तियो का हौसला बढ़ता जाता है और वे एक के बाद एक नए कारनामे अंजाम देते जाते हैं। कुछ दिन पहले शहर के ट्रांसिट कैंप थाना अंतर्गत प्रकाश में आया लव जिहाद का मामला ऐन इसी क्रोनोलॉजी को पूरी तरह चरितार्थ करता नजर आया है। उपरोक्त मामले में हिंदू नाम रखकर हिंदू युवती को झांसा देने वाले आरोपी सोहेल को रंगे हाथ पकड़ने और उसे पीटते हुए ट्रांसिट कैंप थाने ले जाते समय तो स्थानीय लोगों तथा हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने काफी आक्रोश और जोश दिखाया, लेकिन जरूरत के वक्त वह आक्रोश और जोश ठंड पड़ गया, जिसका परिणाम यह हुआ कि लव जिहाद एवं जबरिया धर्म परिवर्तन के अन्य मामलों की तरह उपरोक्त मामले में भी पीड़िता अकेली पड़ गई और उसने ट्रांसिट कैंप में अग्रिम कार्यवाही न करने का लिखित आवेदन दे दिया। परिणामत: आरोपी के विरुद्ध कठोर एवं सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्यवाही नहीं सुनिश्चित की जा सकी। मजे की बात तो यह है कि लव जिहाद के विरुद्ध हमेशा मुखर रहने वाले रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, समूचा मामला उनके संज्ञान में लाने के बावजूद भी, इस मसले पर पूरी तरह खामोश रहे। जाहिर है कि अगर सत्ता पक्ष के स्थानीय विधायक ने इस मामले में तनिक भी संजीदगी दिखाई होती तो उपरोक्त मामले का कम से कम वैसा अंजाम तो बिल्कुल ही नहीं होता जैसा कि हुआ है।

# आडीशन में उभरते कलाकार दिखा रहे प्रतिभा






रुद्रपुर (उद संवाददाता)। फिल्म निर्माण की नई पहल करते हुए दिवित फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा ऑडिशन आयोजित किया जा रहा है । जिसमें क्षेत्र के कई उभरते कलाकार अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर रहे हैं। शहर में रचनात्मक उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिवित फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा स्थानीय स्तर पर ऑडिशन आयोजित किए जा रहे हैं। इस पहल का नेतृत्व प्रोड्यूसर तुषार वर्मा कर रहे हैं, जिनका उद्देश्य उभरती प्रतिभाओं को एक पेशेवर मंच प्रदान करना है। यह ऑडिशन द पिनाकिल हब की तीसरी मंजिल पर एसबीआई बैंक के पास, गाबा चौक, स्थित प्रोडक्शन हाउस में संपन्न हो रहे हैं। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों एसबीएस कालेज, एसआईएमटी कालेज, यूनिटी लॉ कालेज जैसे कालेज के छात्र–छात्राओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, एक अपेक्षाकृत छोटे शहर में इस प्रकार की फिल्म निर्माण गतिविधियां स्थानीय प्रतिभाओं के विकास के साथ–साथ क्षेत्रीय रचनात्मक अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध हो सकती हैं। तुषार वर्मा ने बताया कि दिवित फिल्म्स प्रोडक्शन की यह पहल न केवल युवाओं को अभिनय, लेखन एवं प्रोडक्शन जैसे क्षेत्रों में अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि रुद्रपुर को फिल्म और मनोरंजन उद्योग के मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में भी अग्रसर है। उन्होंने बताया कि संस्था डिजिटल माध्यमों के जरिए भी अपनी उपस्थिति सुदृढ़ कर रही है। इच्छुक अभ्यर्थी एवं दर्शक इंस्ट्राग्राम, यू ट्यूब पर @divitfilmsproduction के माध्यम से नवीनतम अपडेट प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल को स्थानीय स्तर पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, और उम्मीद की जा रही है कि यह प्रयास भविष्य में शहर की रचनात्मक पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

# नन्ही देवी को मिली न्याय की जमीन, खतौनी में चढ़ाया नाम

गदरपुर। नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान एक महत्वपूर्ण मामले का खुलासा करते हुए बताया कि हाल ही में सेमलपुरी, बाजपुर निवासी वृद्धा नन्ही देवी पत्नी स्वर्गीय तुला सिंह उनके कार्यालय पहुंचीं और अपनी जमीन से जुड़े विवाद से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्होंने तत्काल वृद्धा को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।सतीश चुघ ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने बीते दिनों बाजपुर एसडीएम कार्यालय में धरना–प्रदर्शन किया और प्रशासन से मांग की कि संबंधित जमीन को नन्ही देवी के नाम दर्ज किया जाए। उनके प्रयासों के चलते प्रशासन ने तत्परता दिखाई और आज बाजपुर तहसीलदार/ उपजिला अधिकारी ने उक्त जमीन को नन्ही देवी के नाम दर्ज करते हुए खतौनी में उनका नाम चढ़ा दिया।इस कार्रवाई पर सतीश चुघ ने बाजपुर प्रशासन और भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण ही आम नागरिकों को न्याय मिल पा रहा है। हालांकि, इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे पर तंज कसते हुए गंभीर आरोप भी लगाए।उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है कि आखिर कैसे अरविंद पांडे का नाम बदलकर अरविंद कुमार और उनके पुत्र का नाम अतुल पांडे से अतुल कुमार हो गया। उन्होंने इस पूरे मामले में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए मांग की कि इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। सतीश चुघ ने यह भी कहा कि यदि इस मामले में किसी अधिकारी की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।





# किच्छा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, सुरक्षित प्रसव के लिए महिलाओं को किया जागरूक

किच्छा।उत्तराखंड सरकार द्वारा सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किच्छा के सिरौली क्षेत्र में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा किया गया।शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को घर में प्रसव के बजाय अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराने के प्रति जागरूक करना था। उत्तराखंड सरकार द्वारा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत इस शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान विभिन्न बीमारियों की जांच की गई तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक राहुल गौर के नेतृत्व में मरीजों को निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। गंभीर मरीजों को आगे की जांच के लिए रेफर भी किया गया। कार्यक्रम में विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और नवजात शिशुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा कि घर में प्रसव के दौरान आने वाली समस्याओं से बचने और जच्चा–बच्चा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत प्रसव बेहद आवश्यक है। सरकार द्वारा निशुल्क दवाइयों और जांच सुविधाओं का लाभ आम जनता को उठाना चाहिए।उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने आसपास की गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में प्रसव के लिए प्रेरित करें और सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा दें।चिकित्सा अधीक्षक राहुल गौर ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार के शिविर लगातार आयोजित किए जा रहे हैं।इस अवसर पर सर्जन तनवीर अहमद, महिला चिकित्सक डॉ. कनक, डॉ. जी.बी. पंगारिया, फिजियोथैरेपिस्ट भावना गौतम, कोल्ड चेन इंचार्ज रोजलीन एल्गजेंडर, भूपाल शाह सहित एएनएम टीम, आरवीएस टीम और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इसके अलावा जनप्रतिनिधियों में आरिफ कुरैशी, एन. यू. खान, ताहिर मलिक, रिजवान निक्की, पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, गुलशन सिंधी, राजेश प्रताप सिंह, जीवन जोशी, सुनीता कश्यप, संतोष ठाकुर और छोटू कोहली भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।





